ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा,समस्तीपुर (बिहार)-८४८१२५

बुलेटिन संख्या-१३
दिनांक- शुक्रवार,१४ फरवरी ,२०२०

विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेद्यशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः २४.० एवं ९.० डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता ९२ प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में ५९ प्रतिशत, हवा की औसत गति ४.९ कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पण १.७ मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन ७.१ घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा ५ से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में १३.३ एवं दोपहर में २५.३ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा।

मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
(१४-१८ फरवरी,२०२०)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा०आर०पी०सी०ए०यू०, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी १४-१८ फरवरी तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः-

- पूर्वानुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान प्रायः साफ एवं मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।
- इस अवधि में अधिकतम तापमान में १-२ वृद्धि के साथ यह २६ से २७ डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान ११ से १२ डिग्री सेल्सियस के बीच बने रहने का अनुमान है।
- औसतन ८-१० कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्यतः पछिया हवा चलने का अनुमान है।
- सापेक्ष आर्द्रता सुबह में ७५ से ८० प्रतिशत तथा दोपहर में ५० से ५५ प्रतिशत रह सकता है।

• समसामयिक सुझाव

- बसन्तकालीन ईख एवं शकरकन्द की बुआई करें। अक्टुवर-नवम्बर महीनों मे रोपी गई ईख की फसल में हल्की सिंचाई करे। जो किसान भाई बसन्तकालीन ईख लगाना चाहते हैं, खेत की तैयारी कर बुआई शुरु करें।
- केला की सुखी एवं रोगग्रस्त पत्तियों को काटकर खेत से बाहर करें। प्रति केला २०० ग्राम युरिया, २०० ग्राम म्युरेट ऑफ पोटाश एवं १०० ग्राम सिंगल सुपर फॉस्फेट का प्रयोग करे।
- मटर में फली छेदक कीट की निगरानी करें। इस कीट के पिल्लू फलियों में जालीनूमा आवरण बनाकर उसके नीचे फलियों में प्रवेश कर अन्दर ही अन्दर मटर के दानो को खाती रहती हैं। एक पिल्लू एक से अधिक फलियों को नष्ट करता है। अक्रान्त फलियाँ खाने योग्य नही रह जाती, जिससे उपज में अत्यधिक कमी आती है। कीट प्रबन्धन हेतु प्रकाश फंदा का उपयोग करें। १५-२० टी आकार का पंछी वैठका (वर्ड पर्चर) प्रति हेक्टर लगावे। अधिक नुकसान होने पर क्वीनालफास २५ ई० सी० या नोवाल्युरॉन १० ई० सी० का १ मि० ली० प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करें।
- पूर्वानुमानित अवधि में मौसम के शुष्क रहने की संभावना को देखते हुए किसान भाई आलू की तैयार फसल की खुदाई करें। खुदाई के १५ दिनों पूर्व सिंचाई बन्द कर दे। बीज वाली आलू की फसल की उपरी लती काट दें।
- इस समय लहसुन एवं अगात बोयी गई प्याज की फसल में थ्रिप्स कीट का निगरानी करें। थ्रीप्स कीटों की संख्या अधिक दिखने पर प्रोफेनोफॉस ५० ई०सी० दवा का १.० मि०ली० प्रति लीटर पानी या इम्डिाक्लोप्रिड दवा का १.० मी.ली. प्रति ४ लीटर पानी की दर से घोलकर छिड़काव करें। अच्छे परिणाम हेतु चिपकाने वाला पदार्थ जैसे टीपोल १.० मी.ली. प्रति लीटर पानी की दर से घोल में मिलावें।
- गरमा मौसम की सब्जियों की बुआई करें। १५०-२०० क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से गोबर खाद की मात्रा पूरे खेत में अच्छी प्रकार विखेरकर मिला दें। कजरा (कटुआ) पिल्लू से होने वाले नुकसान से बचाव हेतु खेत की जुताई में क्लोरपायरीफॉस २० ई०सी० दवा का २ लीटर प्रति एकड़ की दर से २०-३० किलो बालू में मिलाकर व्यवहार करें। सब्जियों में निकाई-गुड़ाई एवं आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। शुष्क मौसम की संभावना को देखते हुए किसान हल्दी एवं ओल की तैयार फसलों की खुदाई प्राथमिकता से करें।
- दुधारु पशुओं में डेगनाला बीमारी की संभावना नवम्बर से फरवरी माह के बीच रहती है। यह बीमारी पशुओं को फफुंदयुक्त पुआल खाने से होता है। फफुंदयुक्त पुआल खाने से पशुओं में सेलेनियम विषाक्तता उत्पन्न हो जाती है। इस बीमारी के लक्षण में दुधारु पशुओं के थन एवं पूंछ का सड़ना पाया गया है। इससे बचाव के लिए १.० ग्राम सोडियम हाईड्रक्साइड को ४०० मि०ली० पानी में घोल कर उसे २० किलोग्राम पुआल पर छिड़काव कर पशुओं को खिलाये। साथ में २०० ग्राम तीसी तथा २०० ग्राम छोवा या गुड़ मिलावे। इस बीमारी के उपचार के लिए बीमार पशुओ को पेन्टासल्फ दवा ६० ग्राम पहले दिन खिलाये तथा उसके बाद १५ दिनों तक ३० ग्राम खिलाये।
- चारा के लिए ज्वार, मकई और बाजरे की बुआई करे। चारे की लगी हुई फसलें जैसे-जई, बरसीम एवं लूसर्न की कटाई २५-३० दिनों के अन्तर पर करें। प्रत्येक कटनी के बाद खेतों में १० किलोग्राम नेत्रजन प्रति हेक्टर की दर से उपरिवेशन करें।

आज का अधिकतम तापमानः २५.५ डिग्री सेल्सियस, सामान्य से ०.१ डिग्री अधिक	आज का न्यूनतम तापमानः १०.० डिग्री सेल्सियस, सामान्य से ०.७ डिग्री अधिक

(डॉ० ए. सत्तार)
नोडल पदाधिकार